an>

Title: Need to upgrade railway stations in Jalgaon Parliamentary Constituency as model railway stations.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगाँव) ः रेलवे हर साल देश में रेलवे स्टेशनों का विकास करने के लिए और आम जनता को अच्छी सुविधा देने के लिए कुछ रेलवे स्टेशनों को मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने की घोषणा करती है। लेकिन उन स्टेशनों के विकास करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाये जाते हैं। इस वजह से सालों से मॉडल स्टेशन बनाने की घोषणा के बाद भी उसका कोई विकास नहीं हो रहा है। मेरे चुनाव क्षेत्र जलगाँव में भी पाँच, छः सालों से कुछ रेलवे स्टेशनों को मॉडल स्टेशन बनाने की घोषणा की गयी है जैसे कि जलगांव, चालीसगांव, धारणगांव, पचारो और अलमनेर स्टेशनों का विकास करने की बात थी लेकिन अभी तक इन स्टेशनों का प्लान तक नहीं बन पा रहा है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस कार्य की ओर दिलाना चाहता हूँ कि वे व्यक्तिगत रूप से इस विषय पर ध्यान दें और इन सभी रेलवे स्टेशनों को मॉडल स्टेशनों के रूप में विकसित करने की दिशा में तत्काल संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दें और मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने में मेरी मदद करें।